style='mso-bidi-font-weight:normal'>

Title: Need to construct a new bridge over river Kosi in Khagaria district, Bihar to facilitate smooth traffic on N.H.107.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य अंतर्गत खगड़िया जिला के एन.एच. 107 पर कोशी नदी पर डुमरी घाट पुल क्षतिग्रस्त होने से इस पर आवागमन का परिचालन पूर्णरूप से बंद कर दिया गया है, जिससे उत्तर बिहार के सहरसा, मधेपुरा, सुपौल एवं अररिया जिलों के लोगों का राजधानी पटना तथा दक्षिण बिहार से सीधा सम्पर्क भंग हो गया है। इससे उन क्षेत्रों में सभी सामानों यथा खाद, बीज, सीमेंट, सरिया, धातु एवं बाहर से आने वाले खाद्य सामग्री की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

अतः जनहित में एन.एच. 107 पर अवस्थित कोशी नदी पर डुमरी घाट पुल का निर्माण किया जाये।